>

Title: Need for maintenance of water flow and tackling water pollution in Ganga and Yamuna rivers.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): यमुना नदी में हथिनिकुड में पानी के बहाव को रोकने से नयी दिल्ली में 22 किलोमीटर की लंबाई और देश का प्रमुख तीर्थ स्थान मथुरा में यमुना का पानी छूने लायक नहीं है। लोग नल के पानी का इस्तेमाल नदी के पानी की जगह मजबूरन कर रहे हैं। इसी प्रकार हाल गंगा नदी का भी है।

अतः आग्रह है कि गंगा, यमुना नदियों के पानी का बहाव जारी रखने, नदियों के किनारे की फैक्टरियों और नाली के पानी को नदी में जाने से रोकने, शवों के दफनाने हेतु बिजली वाली मशीन लगाने और तमाम जल के प्रदूषण रोकने हेतु आवश्यक समयबद्ध कार्यक्रम लागू किया जाये।